2. विलोम शब्द

स्वच्छ

अस्वच्छ

रोगी

नीरोगी

ऊपर दिए गए चित्रों में आमने-सामने दिए गए चित्र एक-दूसरे का उलटा अर्थ दे रहे हैं। के आधार पर स्वच्छ और अस्वच्छ तथा रोगी और नीरोगी शब्द एक-दूसरे का विपरीत यानी दे रहे हैं। ऐसे शब्दों को ही 'विलोम' शब्द कहा जाता है। इसे इस प्रकार भी कहा जा सकता

किसी शब्द का विपरीत अर्थ देने वाले शब्दों को विलोम कहा जाता है।
जैसे– आलसी - परिश्रमी, जय - पराजय, एक - अनेक, सुख - दुख आदि।

विलोम शब्द लिखते समय ध्यान रहे कि–

तत्सम शब्दों का विलोम तत्सम हो (जैसे– लाभ का हानि, स्वतंत्र का परतंत्र)

तद्भव शब्दों का विलोम तद्भव हो (जैसे– आग का पानी, अँधेरा का उजाला)

देशज शब्दों का विलोम देशज हो (जैसे– पगड़ी का जूता/खड़ाऊँ)

विदेशी शब्दों का विलोम विदेशी हो (जैसे– नज़दीक का दूर, ज़मीन का आसमान)

विशेष– भाषाई शुद्धता एवं उपयुक्त शब्द प्रयोग के लिए हमें इस नियम का पालन करना

यह भी जानें

विलोम बनाने वाले कुछ शब्दांश– अ, अन्, अप, दुर्, निर्, कु, सु आदि; जैसे– स्वच्छ-अस्व
उपस्थित - अनुपस्थित (अन् + उपस्थित), सम्मान - अपमान, सज्जन - दुर्जन (दुर् + जन) आदि।

कुछ प्रमुख विलोम शब्द–

शब्द – विलोम	शब्द – विलोम	शब्द – विलोम
अंधकार – प्रकाश	अच्छाई – बुराई	अनुकूल – प्रतिकूल
औपचारिक – अनौपचारिक	अल्प – अधिक	अल्पायु – दीर्घायु
आकर्षण – विकर्षण	आदर – अनादर	आर्द्र – शुष्क
आय – व्यय	आलस्य – स्फूर्ति	आस्तिक – नास्तिक
इच्छा – अनिच्छा	इष्ट – अनिष्ट	उदय – अस्त
उपस्थित – अनुपस्थित	उपकार – अपकार	उद्यम – आलस्य
उन्नति – अवनति	उग्र – सौम्य	उच्च – निम्न
एकता – अनेकता	ऐच्छिक – अनैच्छिक	कृतघ्न – कृतज्ञ
कटु – मधुर	कठोर – कोमल	कृपण – उदार/दानी
खोटा – खरा	गुण – दोष	घटिया – बढ़िया
चौड़ा – संकरा	जीवन – मरण	जटिल – सरल
झूठा – सच्चा	तरल – ठोस	दुर्जन – सज्जन
दरिद्र – संपन्न	नवीन – प्राचीन	निर्मलता – मलिनता
नैतिक – अनैतिक	पक्ष – विपक्ष	प्रत्यक्ष – परोक्ष/अप्रत्यक्ष
प्रेम – घृणा	प्रवेश – निकास	बंजर – उपजाऊ
बंधन – मुक्ति	बर्खास्त – बहाल	मृत – जीवित
मुनाफ़ा – घाटा/नुकसान	यथार्थ – काल्पनिक	रक्षक – भक्षक
लाभ – हानि	विशिष्ट – सामान्य	विस्तृत – संक्षिप्त
शांति – अशांति	शाश्वत – क्षणभंगुर	सभ्य – असभ्य
स्वतंत्र – परतंत्र	स्वस्थ – अस्वस्थ	स्तुति – निंदा
समर्थन – विरोध	सुगम – दुर्गम	हित – अहित
हार – जीत	हर्ष – शोक	ज्ञात – अज्ञात

पाठ एक नज़र में

- किसी शब्द का विपरीत अर्थ देने वाले शब्दों को विलोम शब्द कहा जाता है।
- अ, अन्, अप, दुर्, निर्, कु, सु आदि उपसर्ग विलोम शब्द बनाते हैं।